## नं. ९७ पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनिमती असंयतसम्यग्दृष्टियोंकेआलाप

| गु. | जी. | प. | प्रा. | सं. | ग. | इं. | का. | यो. | वे. | क. | ज्ञा. | संय. | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि. | आ. | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १<br>अवि. | १<br>सं.प. | ६ | १० | ४ | १<br>ति. | १<br>पंचे. | १<br>त्रस. | ९<br>म. ४<br>व. ४<br>औ. १ | १<br>स्त्री. | ४ | ३<br>मति.<br>श्रुत.<br>अव. | १<br>असं. | ३<br>के.द.<br>विना. | द्र. ६<br>भा. ६ | १<br>भ. | २<br>औप.<br>क्षायो. | १<br>सं. | १<br>आहार | २<br>साकार<br>अनाकार |

--------------------------------

तिर्यंचगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चारों मनोयोग, चारों वचनयोग और औदारिककाययोग ये नौ योग, स्त्रीवेद, चारों कषायें, तीनों अज्ञानोंसे मिश्रित आदिके तीन ज्ञान, असंयम, चक्षु और अचक्षु ये दो दर्शन, द्रव्य और भावसे छहों लेश्याएं, भव्यसिध्दिक, सम्यग्मिथ्यात्व, संज्ञिनी, आहारिणी, साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होती हैं।

पंचेन्द्रिय-तिर्यंच असंयतसम्यग्दृष्टि योनिनियोंके आलाप कहनेपर--- एक अविरत सम्यग्दृष्टि गुणस्थान, एक संज्ञी-पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, चारों संज्ञाएं, तिर्यंचगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चारों मनोयोग, चारों वचनयोग और औदारिककाययोग ये नौ योग, स्त्रीवेद, चारों कषायें, आदिके तीन ज्ञान, असंयम, आदिके तीन दर्शन, द्रव्य और

--------------------------------

पंचिंदिय-तिरिक्ख-जोण्णिणी-संजदासंजदीणं भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, एओ जीवसमासो, छ पज्जत्तीओ, दस पाणा, चत्तारि सण्णाओ, तिरिक्खगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, णव जोगा, इत्थिवेदो, चत्तारि कसाया, तिण्णि णाणाणि, संजमासंजमो, तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छ लेस्साओ, भावेण तेउ-पम्म-सुक्कलेस्साओ, भवसिध्दियाओ, खइयसम्मत्तेण विणा दो सम्मत्ताणि, सण्णिणीओ, आहारिणीओ, सागारुवजुत्ताओ वा होंति अणागारुवजुत्ताओ वा९८ ।

नं. ९८ पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनिमती संयतासंयतोंके आलाप.

| गु. | जी. | प. | प्रा. | सं. | ग. | इं. | का. | यो. | वे. | क. | ज्ञा. | संय. | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि. | आ. | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ देश. | १ सं.प. | ६ | १० | ४ | १ ति. | १ पंचे. | १ त्रस. | ९ म. ४ व. ४ औ. १ | १ स्त्री. | ४ | ३ मति. श्रुत. अव. | १ देश. | ३ के.द. विना. | द्र. ६ भा. ३ शुभ. | १ भ. | २ औप. क्षायो. | १ सं. | १ आहार | २ साकार अनाकार |

पंचिंदिय-तिरिक्ख-लध्दि-अपज्जत्ताणं भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, वे जीवसमासा, छ अपज्जत्तीओ पंच अपज्जत्तीओ, सत्तपाण-सत्तपाणा, चत्तारि सण्णाओ, तिरिक्खगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, वे जोगा, णवुंसयवेदो, चत्तारि कसाया, दो अण्णाणाणि, असंजमो, दो दंसणाणि, दव्वेंण काउ-सुक्कलेस्साओ, भावेण किण्ह-णील,

--------------------------------

भावसे छहों लेश्याएं, भव्यसिध्दिक, क्षायिकसम्यक्त्वके विना दो सम्यक्त्व, संज्ञिनी, आहारिणी, साकारोपयोगिनी और अनाकारोपयोगिनी होती हैं।

पंचेन्द्रिय-तिर्यंच संयतासंयत योनिनियोंके आलाप कहनेपर--- एक देशविरत गुणस्थान, एक संज्ञी-पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, चारों संज्ञाएं, तिर्यंचगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चारों मनोयोग, चारों वचनयोग और औदारिककाययोग ये नौ योग; स्त्रीवेद, चारों कषायें, आदिके तीन ज्ञान, संयमासंयम, आदिके तीन दर्शन, द्रव्यसे छहों लेश्याएं, भावसे तेज, पद्म और शुक्ल लेश्याएं; भव्यसिध्दिक, क्षायिकसम्यक्त्वके बिना दो सम्यक्त्व, संज्ञिनी, आहारिणी, साकारोपयोगिनी और अनाकारोपयोगिनी होती हैं।

पंचेन्द्रिय-तिर्यंच लब्ध्यपर्याप्तकोंके आलाप कहनेपर--- एक मिथ्यादृष्टि गुणस्थान, संज्ञी-अपर्याप्त और असंज्ञी-अपर्याप्त ये दो जीवसमास, संज्ञीके छहों अपर्याप्तियां, असंज्ञीके पांच अपर्याप्तियां, संज्ञी-अपर्याप्तके सात प्राण, असंज्ञी-अपर्याप्तके सात प्राण, चारों संज्ञाएं, तिर्यंचगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, औदारिकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोग ये दो योग,

--------------------------------

काउ-लेस्साओ; भवसिध्दिया अभवसिध्दिया, मिच्छत्तं, सण्णिणो असण्णिणो, आहारिणो अणाहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा९९।

## नं. ९९ पंचेन्द्रिय तिर्यंच लब्ध्यपर्याप्तक जीवोंके आलाप.

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु. १ मि. | जी. २ सं. अ. असं. | प. ६ अ. ५ अ. | प्रा. ७ ७ | सं. ४ | ग. १ ति. | इं. १ पंचे | का. १ त्रस. | यो. २ औ.मि. कार्म. | वे. १ नपुं. | क. ४ | ज्ञा. २ कुम. कुश्रु. | संय. १ असं. | द. २ चक्षु. अचक्षु. | ले. द्र. २ का. शु. भा.३ अशु. | भ. २ भ. अ. | स. १ मि. | संज्ञि. २ सं. असं. | आ. २ आहार अनाहार | उ. २ साकार अनाकार |

णेव सण्णिणो णेद असण्णिणो वि अत्थि, आहारिणो अणाहारिणो, अजोगि-भयवंतस्स सरीर-णिमित्तमागच्छमाण-परमाणूणमभावं पेक्खिऊण पज्जत्ताणमणाहारित्तं लब्भदि। सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा सागार-अणागारेहिं जुगवदुवजुत्ता वा१०१।

## नं. १०१ सामान्य मनुष्योंके पर्याप्त आलाप.

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु. १४ | जी. १ सं.प. | प. ६ | प्रा. १० | सं. ४ क्षीणसं | ग. १ म. | इं. १ पंचे | का. १ त्रस. | यो. १३ वै.२ विना १० । म. ४ व. ४ औ. १ आ. १ | वे. ३ अपगा. | क. ४ अकषा. | ज्ञा. ८ | संय. ७ | द. ४ | ले. द्र. ६ भा.६ अले. | भ. २ भ. अ. | स. ६ | संज्ञि. १ सं. अनु. | आ. २ आहार अनाहार | उ. २ साकार अनाकार यु. उ. |

--------------------------------

स्थान है; आहारक और अनाहारक भी होते हैं। मनुष्योंके पर्याप्त अवस्थामें अनाहारक होनेका कारण यह है कि अयोगिकेवली भगवानके शरीरके निमित्तभूत आनेवाले परमाणुओंका अभाव देखकर पर्याप्तक मनुष्योंकेभी अनाहारकपना बन जाता है। साकारोपयोगी अनाकारोपयोगी तथा साकार अनाकार इन दोनों उपयोगोंसे युगपत् उपयुक्त भी होते हैं।

विशेषार्थ--- पहले योग आलापका कथन करते हुए वैक्रियिकद्विक, आहारकमिश्र, औदारिकमिश्र और कार्मणकाययोगके विना दश अथवा केवल वैक्रियिकद्विकके बिना तेरह योग बतलाये हैं। दश योग तो मनुष्योंकी पर्याप्त-अवस्थामें होते ही हैं, परंतु अपर्याप्त-अवस्थामें होनेवाले औदारिकमिश्र, आहारकमिश्र और कार्मणकाययोगको मनुष्योंकी पर्याप्त-अवस्थामें

बतानेका यह कारण है कि यद्यपि तेरहवें गुणस्थानमें समुद्घातके समय योगोंकी अपूर्णता रहती है। फिर भी उस समय पर्याप्त-नामकर्मका उदय विद्यमान रहता है। और औदारिक शरीरकी पूर्णता भी रहती है, इसलिये पर्याप्त-नामकर्मके उदय और शरीरकी पूर्णताकी अपेक्षा कपाट, प्रतर और लोकपूरणसमुद्घातगत केवली भी पर्याप्त हैं और इस प्रकार पर्याप्त अवस्थामें औदारिकमिश्र तथा कार्मणकाययोग बन जाते हैं। इसीप्रकार छठवें गुणस्थानमें आहारमिश्रकाययोगके समय भी पर्याप्त-नामकर्मका उदय रहता है, इसलिये निवृत्तिसे अपर्याप्त होता हुआ भी ऐसा जीव पर्याप्त-नामकर्मके उदयकी अपेक्षा पर्याप्त ही है; अत:आहारमिश्रकाययोग भी पर्याप्त-अवस्थामें बन जाता है। इस प्रकार पूर्वोक्त तीनों योग विवक्षा भेदसे पर्याप्त-अवस्थामें भी बन जाते हैं इसलिये मनुष्योंकी पर्याप्त-अवस्थामें तेरह योग भी गिनाये हैं।

-------------------------------

तेसिं चेव अपज्जत्ताणं भण्णमाणे अत्थि पंच गुणट्ठाणाणि, एओ जीवसमासो, छ अपज्जत्तीओ, सत्त पाणा, चत्तारि सण्णाओ अदीदसण्णा वि अत्थि, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, आहारमिस्सेण सह तिण्णि जोगा, तिण्णि वेदा अपगतवेदो वि अत्थि, चत्तारि कसाया अकसाओ वा, पंच णाणाणि केवलणाणेण छ णाणाणि१ (१ मु. छ. णाण, असंजम सामाइय-) सामाइय-छेदोवट्ठावण-जहाक्खादेहि सासंजमेहि चत्तारि संजमा, चत्तारि दंसणाणि, दव्वेण काउ-सुक्कलेस्साओ, भावेण छ लेस्साओ; भवसिध्दिया अभवसिध्दिया, सम्मामिच्छत्त-उवसमसम्मत्तेहि विणा चत्तारि सम्मत्ताणि, सण्णिणो अणुभओ वा, आहारिणो अणाहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा तदुभया वा १०२।

## नं. १०२ सामान्य मनुष्योंके अपर्याप्त आलाप.

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु . ५ मि . स ा. अ . प्र. स . | ज ी. १ सं . अ . | प. ६ अ . | प्रा . ७ | सं . ४ क्षी ण सं | ग ा. १ म ा. | इं . १ प ंच ो | क ा. १ त्र स . | यो . ३ अ ौ. मि . अ ा. मि . क ार्म . | व `. ३ अ प ग ा. | क . ४ अ क षा . | ज्ञ ा . ६ वि भं . म नः . वि ना . | संय ा. ४ अस ं. सा मा छे दो. यथ ा. | द. ४ | ले . द्र. २ क ा. शु . भा .६ | भ. २ भ. अ . | स . ४ मि . स ा. क्षा . क्षा यो . | संज्ञि ा . १ सं. अनु . | आ. २ आ हा र अ ना हा र | उ . २ स ाक ा र अ ना क ार यु . उ . |

-------------------------------

उन्हीं सामान्य अपर्याप्त मनुष्योंके आलाप कहनेपर--- मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, अविरतसम्यग्दृष्टि, प्रमत्तसंयत और सयोगिकेवली ये पांच गुणस्थान, एक संज्ञी-अपर्याप्त जीवसमास, छहों अपर्याप्तियां, सात प्राण, चारों संज्ञाएं तथा अतीतसंज्ञा स्थान भी है; मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, आहारमिश्रकाययोगके साथ औदारिकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोग इस प्रकार तीन योग, तीनों वेद तथा अपगतवेद-स्थान भी है, चारों कषायें तथा

अकषाय-स्थान भी है, केवलज्ञानके साथ कुमति, कुश्रुत तथा आदिके तीन ज्ञान ये छह ज्ञान, असंयमके साथ सामायिक, छेदोपस्थापना और यथाख्यातरूपसे चार संयम; चारों दर्शन, द्रव्यसे कापोत और शुक्ल लेश्याएं, भावसे छहों लेश्याएं; भव्यसिध्दिक, अभव्यसिध्दिक; सम्यग्मिथ्यात्व और उपशमसम्यक्त्वके विना चार सम्यक्त्व, संज्ञिक और अनुभय अर्थात् संज्ञिक और असंज्ञिक इन दोनों विकल्पोंसे रहित स्थान, आहारक, अनाहारक; साकारोपयोगी, अनाकारोपयोगी तथा दोनों उपयोगोंसे युगपत् उपयुक्त होते हैं।

--------------------------------

मणुस-मिच्छाइट्ठीणं भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, दो जीवसमासा, छ पज्जत्तीओ छ अपज्जत्तीओ, दसपाण-सत्तपाणा, चत्तारि सण्णाओ, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, एगारह जोगा, तिण्णि वेदा, चत्तारि कसाया, तिण्णि अण्णाणाणि, असंजमो, दो दंसणाणि, दव्व-भावेहिं छ लेस्साओ, भवसिध्दिया अभवसिध्दिया, मिच्छत्तं, सण्णिणो, आहारिणो अणाहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता१ ( मु. जुत्ता वा ) वा१०३ ।

नं. १०३ सामान्य मनुष्य मिथ्यादृष्टियोंके सामान्य आलाप.

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ज | प | प्रा | सं | ग | इं. | क | यो | व | क | इ | संय | द | ले | भ. | स | संङि | अ | उ |
| . | ी. | . | . | . | ा. | | ा. | . | `. | . | ाा | ा. | . | . | | . | ा . | ा. | . |
| | २ | ६ | १ | | १ | १ | १ | १ | ३ | | . | १ | २ | | २ | | १ | २ | |
| १ | सं | प | ० | ४ | म | पं | त्र | १ | | ४ | ३ | अस | च | द्र. | भ. | १ | सं. | अ | २ |
| मि | .प | . | ७ | | ा. | चे | स | म. | | | अ | ां. | ा | ६ | अ | मि | | ा | स |
| . | . | ६ | | | | | . | ४ | | | इ | | क्ष | भा | . | . | | हा | ाक |
| | सं | अ | | | | | | व. | | | ाा | | ु | .६ | | | | र | ा |
| | . | . | | | | | | ४ | | | . | | . | | | | | अ | र |
| | अ | | | | | | | अ | | | | | अ | | | | | ना | अ |
| | . | | | | | | | ौ. | | | | | च | | | | | हा | ना |
| | | | | | | | | २ | | | | | ा. | | | | | र | क |
| | | | | | | | | क | | | | | | | | | | | ार |
| | | | | | | | | ा. | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | १ | | | | | | | | | | | |

तेसिं चेव पज्जत्ताणं भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, एओ जीवसमासो, छ पज्जत्तीओ, दस पाणा, चत्तारि सण्णाओ, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, णव जोगा, तिण्णि वेदा, चत्तारि कसाया, तिण्णि अण्णाणाणि, असंजमो, दो दंसणाणि, दव्व-भावेहिं छ लेस्साओ, भवसिध्दिया अभवसिध्दिया, मिच्छत्तं, सण्णिणो, आहारिणो,

--------------------------------

सामान्य मनुष्य मिथ्यादृष्टि जीवोंके आलाप कहनेपर--- एक मिथ्यादृष्टि गुणस्थान, संज्ञी-पर्याप्त और संज्ञी-अपर्याप्त ये दो जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, छहों अपर्याप्तियां; दशों प्राण, सात प्राण; चारों संज्ञाएं, मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चारों मनोयोग, चारों वचनयोग, औदारिककाययोग, औदारिकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोग ये ग्यारह योग, तीनों वेद, चारों कषायें, तीनों अज्ञान, असंयम, चक्षु और अचक्षु ये दो दर्शन, द्रव्य और भावसे छहों लेश्याएं,

भव्यसिध्दिक, अभव्यसिध्दिक; मिथ्यात्व, संज्ञिक, आहारक, अनाहारक; साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

उन्हीं मिथ्यादृष्टि सामान्य पर्याप्त मनुष्योंके आलाप कहनेपर--- एक मिथ्यादृष्टि गुणस्थान, एक संज्ञी-पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, चारों संज्ञाएं, मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चारों मनोयोग, चारों वचनयोग और औदारिककाययोग ये नौ योग; तीनों वेद, चारों कषायें, तीनों अज्ञान, असंयम, चक्षु और अचक्षु ये दो दर्शन, द्रव्य और भावसे छहों लेश्याएं, भव्यसिध्दिक, अभव्यसिध्दिक; मिथ्यात्व, संज्ञिक, आहारक, साकारोपयोगी और

--------------------------------

सागारू वजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा१०४।

नं. १०४ सामान्य मनुष्य मिथ्यादृष्टियोंके पर्याप्त आलाप.

| गु. | जी. | प. | प्रा. | सं. | ग. | इं. | का. | यो. | वे. | क. | ज्ञा. | संय. | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि. | आ. | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मि. | १ सं.प. | ६ | १० | ४ | १ म. | १ पंचे. | १ त्रस. | ९ म.४ व.४ औ.१ | ३ | ४ | ३ अज्ञा. | १ असं. | २ चक्षु. अच. | द्र.६ भा.६ | २ भ. अ. | १ मि. | १ सं. | १ आहार | २ साकार अनाकार |

चत्तारि कसाया, दो अण्णाणाणि, असंजमो, दो दंसणाणि, दव्वेण काउ-सुक्कलेस्साओ, भावेण किण्ह-णील-काउलेस्साओ, भवसिध्दिया अभवसिध्दिया, मिच्छत्तं, सण्णिणो, आहारिणो अणाहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा१०५।

नं. १०५ सामान्य मनुष्य मिथ्यादृष्टियोंके अपर्याप्त आलाप.

| गु. | जी. | प. | प्रा. | सं. | ग. | इं. | का. | यो. | वे. | क. | ज्ञा. | संय. | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि. | आ. | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मि. | १ सं. अ. | ६ अ. | ७ | ४ | १ म. | १ पंचे. | १ त्रस. | २ औमि. कार्म. | ३ | ४ | २ कुम. कुश्रु. | १ असं. | २ चक्षु. अचक्षु. | द्र. २ का. शु. भा. ३ अशु. | २ भ. अ. | १ मिथ्या. | १ सं. | २ आहार अनाहार | २ साकार अनाकार |

--------------------------------

अनाकारोपयोगी होते हैं।

उन्हीं मिथ्यादृष्टि सामान्य अपर्याप्त मनुष्योंके आलाप कहनेपर--- एक मिथ्यादृष्टि गुणस्थान, एक संज्ञी-अपर्याप्त जीवसमास, छहों अपर्याप्तियां, सात प्राण, चारों संज्ञाएं, मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, औदारिकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोग ये दो योग, तीनों वेद, चारों कषायें, कुमति और कुश्रुत ये दो अज्ञान, असंयम, चक्षु और अचक्षु ये दो दर्शन, द्रव्यसे कापोत और शुक्ल लेश्याएं, भावसे कृष्ण, नील और कापोत लेश्याएं;

भव्यसिध्दिक, अभव्यसिध्दिक; मिथ्यात्व, संज्ञिक, आहारक, अनाहारक; साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं ।

--------------------------------

मणुस्स-सासणम्माइट्ठीणं भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, दो जीवसमासा, छ पज्जत्तीओ छ अपज्जत्तीओ, दसपाण-सत्तपाणा, चत्तारि सण्णाओ, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, एगारह जोगा, तिण्णि वेदा, चत्तारि कसाया, तिण्णि अण्णाणाणि, असंजमो, दो दंसणाणि, दव्व-भावेंहि छ लेस्साओ, भवसिध्दिया, सासणसम्मत्तं, सण्णिणो, आहारिणो अणाहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा१०६ ।

नं. १०६ सामान्य मनुष्य सासादनसम्यदृष्टियोंके सामान्य आलाप.

| गु. | जी. | प. | प्रा. | सं. | ग. | इं. | का. | यो. | वे. | क. | ज्ञा. | संय. | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि. | आ. | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ सा. | २ सं.प. सं.अ. | ६ प. ६ अ. | १० ७ | ४ | १ म. | १ पंचे. | १ त्रस. | ११ म.४ व.४ औ.२ का.१ | ३ | ४ | ३ अज्ञा. | १ असं. | २ चक्षु. अच. | द्र. ६ भा.६ | १ भ. | १ सासा. | १ सं. | २ आहार अनाहार | २ साकार अनाकार |

तेसिं चेव पज्जत्ताणं भण्णमाणें अत्थि एयं गुणट्ठाणं, एओ जीवसमासो, छ पज्जत्तीओ, दस पाणा, चत्तारि सण्णाओ, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, णव जोगा, तिण्णि वेदा, चत्तारि कसाया, तिण्णि अण्णाणाणि, असंजमो, दो दंसणाणि, दव्व-भावेहि छ-लेस्साओ, भवसिध्दिया, सासणसम्मत्तं, सण्णिणो, आहारिणो,

--------------------------------

सासादनसम्यग्दृष्टि सामान्य मनुष्योंके आलाप कहनेपर--- एक सासादन गुणस्थान, संज्ञी-पर्याप्त और संज्ञी-अपर्याप्त ये दो जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, छहों अपर्याप्तिया; दशों प्राण, सात प्राण; चारों संज्ञाएं, मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चारों मनोयोग, चारों वचनयोग, औदारिककाययोग, औदारिकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोग ये ग्यारह योग; तीनों वेद, चारों कषायें, तीनों अज्ञान, असंयम, चक्षु और अचक्षु ये दो दर्शन, द्रव्य और भावसे छहों लेश्याएं, भव्यसिध्दिक, सासादनसम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक, अनाहारक; साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

उन्हीं सासादनसम्यग्दृष्टि सामान्य पर्याप्त मनुष्योंके आलाप कहनेपर--- एक सासादन गुणस्थान, एक संज्ञी-पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, चारों संज्ञाएं, मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चारों मनोयोग, चारों वचनयोग और औदारिककाययोग ये नौ योग; तीनों वेद, चारों कषायें, तीनों अज्ञान, असंयम, चक्षु और अचक्षु ये दो दर्शन, द्रव्य और भावसे छहों लेश्याएं, भव्यसिध्दिक, सासादनसम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक, साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

--------------------------------

सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा१०७ ।

### नं. १०७ सामान्य मनुष्य सासादनसम्यग्दृष्टियोंके पर्याप्त आलाप.

| गु | ज | प | प्रा | सं | ग | इं | क | यो | व | क | इ | संट | द. | ले | भ. | स | संझि | आ. | उ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| . | ी. | . | . | . | ा. | . | ा. | . | ` . | . | ा | ा. | | . | | . | ा . | | . |
| | १ | ६ | १ | | १ | १ | १ | ९ | ३ | | . | १ | २ | | १ | | १ | १ | |
| १ | सं | | ० | ४ | म | प | त्र | म. | | ४ | | अस | च | द्र. | भ. | १ | सं. | आ | २ |
| स | .प | | | | ा. | ंच | स | ४ | | | अ | ां. | क्षु | ६ | | स | | हा | स |
| ा. | . | | | | | ो | . | व. | | | इ | | . | भा | | ास | | र | ाक |
| | | | | | | . | | ४ | | | ा | | अ | .६ | | ा. | | | ा |
| | | | | | | | | अ | | | . | | च | | | | | | र |
| | | | | | | | | ौ. | | | | | . | | | | | | अ |
| | | | | | | | | १ | | | | | | | | | | | ना |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | क |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | ार |

तेसिं चेव अपज्जत्ताणं भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, एओ जीवसमासो, छ अपज्जत्तीओ, सत्त पाणा, चत्तारि सण्णाओ, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, दो जोगा, तिण्णि वेदा, चत्तारि कसाया, दो अण्णाणाणि, असंजमो, दो दंसणाणि, दव्वेण काउ-सुक्कलेस्साओ, भावेण किण्ह-णील-काउलेस्साओ, भवसिध्दिया, सासणसम्मत्तं, सण्णिणो, आहारिणो अणाहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा१०८ ।

नं. १०८ सामान्य मनुष्य सासादनसम्यदृष्टियोंके अपर्याप्त आलाप.

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु. १ सा. | जी. १ सं. अ. | प. ६ अ. | प्रा. ७ | सं. ४ | गा. १ मा. | इं. १ पंचे | का. १ त्रसा. | यो. २ औ. मि. कार्म. | वे. ३ | क. ४ | ज्ञा. २ कुम. कुश्रु. | संय. १ असं. | द. २ चक्षु. अच. | ले. द्र. २ का. शु. भा.३ अशु. | भ. १ भ. | स. १ सासा. | संज्ञि. १ सं. | आ. २ आहार अनाहार | उ. २ साकार अनाकार |

मणुस्स-सम्मामिच्छाइट्ठीणं भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, एओ जीवसमासो,

--------------------------------

उन्हीं सासादनसम्यग्दृष्टि सामान्य मनुष्योंके अपर्याप्तकालसंबन्धी आलाप कहनेपर--- एक सासादन गुणस्थान, एक संज्ञी-अपर्याप्त जीवसमास, छहों अपर्याप्तियां, सातप्राण, चारों संज्ञाएं, मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, औदारिकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोग ये दो योग, तीनों वेद, चारों कषायें, कुमति और कुश्रुत ये दो अज्ञान, असंयम, चक्षु और अचक्षु ये दो दर्शन, द्रव्यसे कापोत और शुक्ल लेश्याएं, भावसे कृष्ण, नील और कापोत लेश्याएं; भव्यसिध्दिक, सासादनसम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक, अनाहारक; साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

सम्यग्मिथ्यादृष्टि सामान्य मनुष्योंके आलाप कहनेपर--- एक सम्यग्मिथ्यादृष्टि

--------------------------------

छ पज्जत्तीओ, दस पाणा, चत्तारि सण्णाओ, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, णव जोगा, तिण्णि वेदा, चत्तारि कसाया, तिण्णि णाणाणि तीहि अण्णाणेहिं मिस्साणि, असंजमो, दो दंसणाणि, दव्व-भावेहि छ लेस्साओ, भवसिध्दिया, सम्मामिच्छत्तं, सण्णिणो, आहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा१०९।

नं. १०९ सामान्य मनुष्य सम्यग्मिथ्यादृष्टियोंके आलाप.

| गु. | जी. | प. | प्रा. | सं. | ग. | इं. | का. | यो. | वे. | क. | ज्ञा. | संय. | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि. | आ. | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ सम्रा. | १ सं. प. | ६ | १० | ४ | १ म. | १ पंचो | १ त्रसा. | ९ म. ४ व. ४ औ. १ | ३ | ४ | ३ ज्ञा. ३ अज्ञा. मिश्र. | १ असं. | २ चक्षु. अच. | द्र. ६ भा. ६ | १ भ. | १ सम्रा. | १ सं. | १ आहार | २ साकार अनाकार |

नं. ११० सामान्य मनुष्य असंयतसम्यदृष्टियोंके सामान्य आलाप.

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु. १ अवि. | जी. २ सं.प. सं. अ. | प. ६ प. ६ अ. | प्रा. १० ७ | सं. ४ | ग. १ म. | इं. १ पंचे. | का. १ त्रस. | यो. ११ म.४ व.४ औ.२ का.१ | वे. ३ | क. ४ | ज्ञा. ३ मति. श्रुत. अव. | सं. १ असं. | द. ३ के.द. विना. | ले. द्र. ६ भा.६ | भ. १ भ. | स. ३ औप. क्षा. क्षायो. | संज्ञि. १ सं. | आ. २ आहार अनाहार | उ. २ साकार अनाकार |

११० मणुस-असंजदसम्माइट्ठीणं भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, दो जीवसमासा, छ पज्जत्तीओ छ अपज्जत्तीओ, दसपाण-सत्तपाणा, चत्तारि सण्णाओ, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, एगारह जोगा, तिण्णि वेदा, चत्तारि कसाया,

--------------------------------

गुणस्थान, एक संज्ञी-पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, चारों संज्ञाएं, मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चारों मनोयोग, चारों वचनयोग और औदारिककाययोग ये नौ योग; तीनों वेद, चारों कषायें, तीनों अज्ञानोंसे मिश्रित आदिके तीन ज्ञान, असंयम, चक्षु और अचक्षु ये दो दर्शन, द्रव्य और भावसे छहों लेश्याएं, भव्यसिध्दिक, सम्यग्मिथ्यात्व, संज्ञिक, आहारक, साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

असंयतसम्यग्दृष्टि सामान्य मनुष्योंके सामान्य आलाप कहनेपर--- एक अतिरतसम्यग्दृष्टि गुणस्थान, संज्ञी-पर्याप्त और संज्ञी-अपर्याप्त ये दो जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, छहों अपर्याप्तियां; दशों प्राण, सात प्राण; चारों संज्ञाएं, मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चारों मनोयोग, चारों वचनयोग, औदारिककाययोग, औदारिकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोग ये ग्यारह योग; तीनों वेद, चारों कषायें, आदिके तीन ज्ञान, असंयम, आदिके तीन दर्शन,

--------------------------------

तिण्णि णाणाणि, असंजमो, तिण्णि दंसणाणि, दव्व-भावेहि छ लेस्साओ, भवसिध्दिया, तिण्णि सम्मत्ताणि, सण्णिणो, आहारिणो अणाहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा।

तेंसि चेव पज्जत्ताणं भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, एओ जीवसमासो, छ पज्जत्तीओ, दस पाणा, चत्तारि सण्णाओ, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, णव जोगा, तिण्णि वेदा, चत्तारि कसाया, तिण्णि णाणाणि, असंजमो, तिण्णि दंसणाणि, दव्व-भावेहि छ लेस्साओ, भवसिध्दिया, तिण्णि सम्मत्ताणि, सण्णिणो, आहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा१११ ।

नं. १११ सामान्य मनुष्य असंयतसम्यग्दृष्टियोंके पर्याप्त आलाप.

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु. १ अवि. | जी. १ सं. प. | प. ६ | प्रा. १० | सं. ४ | ग. १ म. | इं. १ पंचे. | का. १ त्रसा. | यो. ९ म. ४ व. ४ औ. १ | वे. ३ | क. ४ | ज्ञा. ३ मति. श्रुत. अव. | संया. १ असं. | द. ३ के.द. विना. | ले. द्र. ६ भा. ६ | भ. १ भ. | स. ३ औ. क्षा. क्षायो. | संज्ञि. १ सं. | आ. १ आहार | उ. २ साकार अनाकार |

तेसिं चेव अपज्जत्ताणं भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, एओ जीवसमासो, छ अपज्जत्तीओ, सत्त पाणा, चत्तारि सण्णाओ, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, दो जोगा, पुरिसवेदो । देव-णेरइअ मणुस्स-असंजदसम्माइट्ठिणो जदि मणुस्सेसु

--------------------------------

द्रव्य और भावसे छहों लेश्याएं, भव्यसिध्दिक, औपशमिक, क्षायिक और क्षायोपशमिक ये तीन सम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक, अनाहारक; साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

उन्हीं असंयतसम्यग्दृष्टि सामान्य पर्याप्त मनुष्योंके आलाप कहनेपर--- एक अविरतसम्यग्दृष्टि गुणस्थान, एक संज्ञी-पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, चारों संज्ञाएं, मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चारों मनोयोग, चारों वचनयोग, और औदारिककाययोग ये नौ योग; तीनों वेद, चारों कषायें, आदिके तीन ज्ञान, असंयम आदिके तीन दर्शन, द्रव्य और भावसे छहों लेश्याएं,

भव्यसिध्दिक, औपशमिक, क्षायिक और क्षायोपशमिक ये तीन सम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक, साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

उन्हीं असंयतसम्यग्दृष्टि सामान्य अपर्याप्त मनुष्योंके आलाप कहनेपर--- एक अविरतसम्यग्दृष्टि गुणस्थान, एक संज्ञी-अपर्याप्त जीवसमास, छहों अपर्याप्तियां, सात प्राण, चारों संज्ञाएं, मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, औदारिकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोग ये दो योग, एक पुरुषवेद होता है । केवल एक पुरुषवेद होनेका यह कारण है कि देव, नारकी

--------------------------------

उप्पज्जंति तो णियमा पुरिसवेदेसु चेव उप्पज्जंति ण अण्णवेदेसु, तेण पुरिसवेदो चेव भणिदो। चत्तारि कसाया, तिण्णि णाणाणि, असंजमो, तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण काउ-सुक्कलेस्साओ, भावेण छ लेस्साओ। तं जहा-णेरइया असंजदसम्माइट्ठिणो पढम-पुढवि-आदि जाव छट्ठी-पुढवि-पज्जवसाणासु पुढवीसु ट्ठिदा कालं काऊण मणुस्सेसु चेव अप्पप्पणो पुढवि-पाओग्ग-लेस्साहि सह उप्पज्जंति त्ति किण्ह-णील-काउलेस्साओ लब्भंति । देवा वि असंजदसम्माइट्ठिणो कालं काऊण मणुस्सेसु उववज्जमाणा तेउ-पम्म-सुक्कलेस्साहि सह मणुस्सेसु उववज्जंति, तेण मणुस्स-असंजद-सम्माइट्ठीणमपज्जत्तकाले छ लेस्साओ भवंति । भवसिध्दिया, उवसमसम्मत्तेण विणा दो सम्मत्ताणि, सण्णिणो, आहारिणो अणाहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा११२।

नं. ११२ सामान्य मनुष्य असंयतसम्यग्दृष्टियोंके अपर्याप्त आलाप.

| गु. | जी. | प. | प्रा. | सं. | गा. | इं. | का. | यो. | वे. | क. | ज्ञा. | संय. | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि. | आ. | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अवि. | १ सं. अ. | ६ अ. | ७ | ४ | १ मा. | १ पंचे. | १ त्रस. | २ औ.मि. कार्म. | १ पु. | ४ | ३ मति. श्रुत. अव. | १ असं. | ३ के.द. विना. | द्र. २ का. शु. भा. ६ | १ भ. | २ क्षा. क्षायो. | १ सं. | २ आहार अनाहार | २ साकार अनाकार |

मणुस्स-संजदासंजदाणं भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, एओ जीवसमासो,

--------------------------------

और मनुष्य असंयतसम्यग्दृष्टि जीव मरकर यदि मनुष्योंमें उत्पन्न होते हैं, तो नियमसे पुरुषवेदी मनुष्योंमें ही उत्पन्न होते हैं, अन्य वेदवाले मनुष्योंमें नहीं; इससे एक पुरुषवेद ही कहा है। वेद आलाप के आगे चारों कषायें, आदिके तीन ज्ञान, असंयम, आदिके तीन दर्शन, द्रव्यसे कापोत और शुक्ल लेश्याएं, भावसे छहों लेश्याएं होती हैं। अविरतसम्यग्दृष्टि अपर्याप्त मनुष्योंके छहों लेश्याएं होनेका कारण यह है कि प्रथम पृथिवीसे लेकर छठी पृथिवीपर्यंत पृथिवीयोंमें रहनेवाले असंयतसम्यग्दृष्टि नारकी मरण करके मनुष्योंमें अपनी अपनी पृथिवीके योग्य लेश्याओंके साथही उत्पन्न होते हैं, इसलिये तो उनके कृष्ण, नील और कापोतलेश्याएं पाई जाती हैं। उसीप्रकार असंयतसम्यग्दृष्टि देव भी मरण करके मनुष्योंमें उत्पन्न होते हुए अपनी अपनी पीत, पद्म और शुक्ल लेश्याओंके साथ ही मनुष्योंमें उत्पन्न होते हैं, इसलिए मनुष्य असंयतसम्यग्दृष्टियोंके अपर्याप्तकालमें छहों लेश्याएं बन जाती हैं। सम्यक्त्व आलापके आगे

भव्यसिध्दिक, औपशमिकसम्यक्त्वके विना दो सम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक, अनाहारक; साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

संयतासंयत सामान्य मनुष्योंके आलाप कहनेपर--- एक देशविरत गुणस्थान, एक संज्ञी-पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, चारों संज्ञाएं, मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति,

--------------------------------

छ पज्जत्तीओ, दस पाणा, चत्तारि सण्णाओ, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, णव जोगा, तिण्णि वेदा, चत्तारि कसाया, तिण्णि णाणाणि, संजमासंजमो, तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छ लेस्साओ, भावेण तेउ-पम्म-सुक्कलेस्साओ; भवसिध्दिया, तिण्णि सम्मत्ताणि, सण्णिणो, आहारिणो, सागारुवजुत्ता१ (मु. जुत्ता होंति।) वा होंति अणागारुवजुत्ता वा११३।

नं. ११३ सामान्य मनुष्य संयतासंयतोंके आलाप.

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु. १ देश. | जी. १ सं.प. | प. ६ | प्रा. १० | सं. ४ | ग. १ म. | इं. १ पंचे. | का. १ त्रस. | यो. ९ म. ४ व. ४ औ. १ | वे. ३ | क. ४ | ज्ञा. ३ मति. श्रुत. अव. | संय. १ देश. | द. ३ के. द. विना. | ले. द्र. ६ भा.३ शुभ. | भ. १ भ. | स. ३ औ. क्षा. क्षायो. | संज्ञि. १ सं. | आ. १ आहार | उ. २ साकार अनाकार |

संपदि पमत्तसंजद-प्पहुडि जाव अजोगिकेवली त्ति ताव मूलोघालावो अणूणो अणधिओ वत्तव्वो। मणुस-पज्जत्ताणं पि भण्णमाणे मिच्छाइट्ठि-प्पहुडि जाव अजोगिकेवलि त्ति ताव मणुसोघभंगो। अथवा इत्थिवेदेण विणा दो वेदा वत्तव्वा एत्तियमेत्तो चेव विसेसो।

--------------------------------

त्रसकाय, चारों मनोयोग, चारों वचनयोग और औदारिककाययोग ये नौ योग, तीनों वेद, चारों कषायें, आदिके तीन  ज्ञान, संयमासंयम, आदिके तीन दर्शन द्रव्यसे छहों लेश्याएं, भावसे पीत, पद्म और शुक्ललेश्याएं, भव्यसिध्दिक, औपशमिक, क्षायिक और क्षायोपशमिक ये तीन सम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक, साकारोपयोगी ओर अनाकारोपयोगी होते हैं।

अब प्रमत्तसंयत गुणस्थानसे लेकर अयोगिकेवली गुणस्थान तक न्यूनता और अधिकतासे रहित मूल ओघालाप कहना चाहिये, अर्थात् गुणस्थानोंकी अपेक्षा जो आलाप छठे गुणस्थानसे लेकर चौदहवें गुणस्थान तक कह आये हैं वे ही यहां मनुष्योंके  छठे गुणस्थानसे चौदहवें

गुणस्थान तकके समझना चाहिये, क्योंकि, छठेसे आगेके सभी गुणस्थान मनुष्योंके ही होते हैं, इसलिये सामान्य कथनमें और इस कथनमें कोई विशेषता नहीं है।

मनुष्य-पर्याप्तकोंके भी आलाप कहनेपर--- मिथ्यादृष्टि गुणस्थानसे लेकर अयोगिकेवली गुणस्थान तक मनुष्य-सामान्यके आलापोंके समान आलाप जानना चाहिये। अथवा वेद आलाप कहते समय स्त्रीवेदके विना दो वेद ही कहना चाहिये, क्योंकि, सामान्य मनुष्योंसे मनुष्य-पर्याप्तकोंमें इतनी ही विशेषता है।

विशेषार्थ--- जब मनुष्योंके अवान्तर भेदोंकी विवक्षा न करके पर्याप्त शब्दके द्वारा सामान्यसे सभी पर्याप्त मनुष्योंका ग्रहण किया जाता है तब पर्याप्त मनुष्योंमें तीनों वेदवालोंका

--------------------------------

मणुसिणीणं भण्णमाणे अत्थि चोद्दस गुणट्ठाणाणि, दो जीवसमासा, छ पज्जत्तीओ छ अपज्जत्तीओ, दसपाण-सत्तपाणा, चत्तारि सण्णाओ खीणसण्णा वि अत्थि, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, एगारह जोगा अजोगो वि अत्थि, एत्थ आहारआहारमिस्सकायजोगा णत्थि। किं कारणं? जेंसिं भावों इत्थिवेदो दव्वं पुण पुरिसवेदो, ते वि जीवा संजमं पडिवज्जंति। दव्वित्थिवेदा पुण संजमं ण पडिवज्जंति, सचेलत्तादो। भावित्थिवेदाणं दव्वेण पुंवेदाणं पि संजदाणं णाहाररिध्दि समुप्पज्जदि दव्व-भावेहि पुरिसवेदाणं चेव समुप्पज्जदि तेणित्थिवेदे णिरुध्दे आहारदुगं णत्थि, तेण एगारह जोगा भणिदा। इत्थिवेदो अवगदवेदो वि अत्थि, एत्थ भाववेदेण पयदं ण दव्ववेदेण। किं कारणं? 'अवगदवेदो वि अत्थि' त्ति वयणादो। चत्तारि

--------------------------------

ग्रहण हो जाता है, अत: इस अपेक्षासे पर्याप्त मनुष्योंके आलाप सामान्य मनुष्योंके समान बतलाये गये हैं। परंतु जब मनुष्योंकेअवान्तर भेदोंमेंसे मनुष्य पर्याप्तकोंका ग्रहण किया जाता है तब मनुष्य पर्याप्तक पदसे पुरुष और नपुंसकवेदी मनुष्योंकाही ग्रहण होता है, क्योंकि, स्त्रीवेदी मनुष्योंकी आगममें मनुष्यिनी संज्ञा निर्दिष्ट की गई है। मनुष्यके अवान्तर भेदोंमें मनुष्य पर्याप्त शब्द पुरुष और नपुंसकवेदी मनुष्योंमें ही रूढ है, इसलिये इस अपेक्षासे मनुष्य पर्याप्तकोंके आलाप कहते समय स्त्रीवेदको छोडकर आलाप कहे हैं।

मनुष्यिनियोंके आलाप कहनेपर--- चौदहों गुणस्थान, संज्ञी-पर्याप्त और संज्ञी-अपर्याप्त ये दो जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, छहों अपर्याप्तियां; दशों प्राण, सात प्राण; चारों संज्ञाएं तथा क्षीणसंज्ञारुप भी स्थान है। मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चारों मनोयोग, चारों वचनयोग, औदारिककाययोग, औदारिकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोग ये ग्यारह योग; तथा अयोगरूप भी स्थान है। इन मनुष्यिनियोंके आहारककाययोग और आहारकमिश्रकाययोग ये दो योग नहीं होते हैं।

शंका--- मनुष्यिनियोंके आहारककाययोग और आहारकमिश्रकाययोग नहीं होनेका क्या कारण है?

समाधान--- यद्यपि जिनके भावकी अपेक्षा स्त्रीवेद और द्रव्यकी अपेक्षा पुरुषवेद होता है वे (भावस्त्री) जीव भी संयमको प्राप्त होते हैं। किन्तु द्रव्यकी अपेक्षा स्त्रीवेदवाले मनुष्य संयमको प्राप्त नहीं होते है, क्योंकि, वे सचेल अर्थात् वस्त्रसहित होते हैं। फिर भी भावकी अपेक्षा स्त्रीवेदी और द्रव्यकी अपेक्षा पुरुषवेदी संयमधारी मनुष्योंके आहारऋध्दि उत्पन्न नहीं होती हैं, किन्तु द्रव्य और भाव इन दोनों ही वेदोंकी अपेक्षासे पुरुषवेदवाले मनुष्योंकेही आहारऋध्दि उत्पन्न होती है। इसलिए स्त्रीवेदवाले मनुष्योंके आहारकद्विकके विना ग्यारह योग कहे गये हैं। योग आलापके आगे स्त्रीवेद तथा अपगतवेद स्थान भी होता है। यहाँ भाववेदसे प्रयोजन है, द्रव्यवेदसे नहीं। इसका कारण यह है कि यदि यहाँ द्रव्यवेदसे प्रयोजन होता तो अपगतवेदरुप स्थान नहीं बन सकता था, क्योंकि, द्रव्यवेद चौदहवें गुणस्थानके अन्ततक होता है।

--------------------------------

कसाया अकसाओ वि अत्थि, मणपज्जव-णाणेण विणा सत्त णाणाणि, परिहार-संजमेण विणा छ संजमा, चत्तारि दंसणाणि, दव्व-भावेहि छ लेस्साओ अलेस्सा वि अत्थि, भवसिध्दियाओ अभवसिध्दियाओ, छ सम्मत्ताणि, सण्णिणीओ णेव सण्णिणीओ णेव असण्णिणीओ वि अत्थि, आहारिणीओ, अणाहारिणीओ, सागारुवजुत्ताओ वा होंति अणागारुवजुत्ताओ वा सागार-अणागारेहि जुगवदुवजुत्ताओ१ (मु. जुत्ता वा) वा११४ ।